
दक्षिण

தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

# राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका



दिसम्बर 2023

## राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

### पदाधिकारीगण 2023–2024

**अध्यक्ष**
मोहनलाल एन. बजाज

**मनोनीत अध्यक्ष**
प्रवीण कुमार टाटिया

**उपाध्यक्ष**
नरेन्द्र श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया
ज्ञानचंद आंचलिया
विजय गोयल

**महामंत्री**
देवराज आच्छा

**सहमंत्री**
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद कोठारी
जगदीश प्रसाद पोरवाल

**कोषाध्यक्ष**
गौतमचंद डागा

**सह-कोषाध्यक्ष**
अशोक कुमार लखोटिया



# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 54 | अंक : 12 | दिसम्बर 2023

**संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
राजकुमार एच. कोठारी

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल


---


प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

**जहाँ-जहाँ यह चिह्न है उन पर आप क्लिक कर के वह वीडियो देख-सुन सकते हैं**



# आइये! नया आकाश रचें!

वर्ष 2023 अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव पर है और 2024 सत्ता के आसन पर आसीन होने की तैयारी में है। वर्ष आते हैं, बीत जाते हैं। कुछ उपलब्धियाँ, कुछ कटुता की खट्टी-मीठी यादें छोड़ जाते हैं। समय रुकता नहीं है किसी के लिए और अपनी गति के चक्र में दुनिया को चलायमान रखता है। देश, समाज और लोगों की विवशता है समय की गति से कदमताल चलते रहने की, वरना पिछड़ जाते हैं। जो पिछड़ जाते हैं, हार जाते हैं या निराश होकर दौड़ना छोड़ देते हैं - समय उन्हें विस्मृत कर देता है। समय के पटल पर उन्हीं का नाम जगमगाता है जो देश, समाज या व्यक्ति के विकास का कारण बनते हैं, इनकी प्रगति की आधारशिला बनते हैं और अपने नेतृत्व, विचारों और कर्मठशीलता से इन्हें नई ऊँचाइयों पर पहुँचाते हैं।

**समय रुकता नहीं है और अपनी गति के चक्र में दुनिया को चलायमान रखता है**

जब हम मनुष्य को एक सामाजिक प्राणी कहते हैं तो समाज की अपेक्षाएँ उससे बँध जाती हैं। समाज व्यक्ति को बहुत कुछ देता है, तो उससे छीनता भी है। मनुष्य की सामर्थ्य और योग्यता का सही उपयोग उसे सही स्थान पर पहुँचाता है। और सही स्थान क्या है, कहाँ है, यह समय और समय के मध्य किए गए कर्म निश्चित करते हैं। अतः कहा गया है कि नेकी की राह पर चल, और नेक विचारों से कर्म कर।

व्यक्ति के विकास और समाज के उन्नयन की यही सीढ़ी है।


जिस प्रकार वर्ष दर वर्ष बदलते रहते हैं, समाज भी बदलता है, देश भी बदलता है और व्यक्ति भी। परिवर्तन और विकास के प्रवाह की धारा में मनुष्य को अपना जीवन निखारते रहना चाहिए।

2024 का वर्ष बड़े बदलाव का वर्ष है। इस बदलाव के हम साक्षी होंगे। साक्षी ही नहीं, माध्यम भी। हमें अपने आपको, इस देश को किस दिशा में ले जाना है, हम ही तय करेंगे। अतः सोच-विचार कर, विवेक से निर्णय लेने की घड़ी है। सच और झूठ को समझना ओगा। अपने धर्म, अपनी संस्कृति, अपनी अस्मिता की रक्षा करनी होगी। प्रलोभनों से दूर रहकर अपनी राह चुननी होगी। युवा पीढ़ी सक्षम है किंतु अनुभवों की कमी है। उसका मार्गदर्शन करना होगा और संभव हो तो युवा पीढ़ी को ही आगे लाना होगा।

**परिवर्तन और विकास के प्रवाह की धारा में मनुष्य को अपना जीवन निखारते रहना चाहिए**

वर्तमान पीढ़ी अनुभवों से पकी हैं तो युवा पीढ़ी में जोश, हिम्मत और ऊर्जा है। हमें इन दोनों का मिश्रण बनाना होगा। एक ऐसा मिश्रण जिसका स्वाद चखने के लिए देशवासी आतुर हैं। इस मिश्रण की आवश्यकता देश को ही नहीं, समाज और समाज द्वारा संचालित सभी सामाजिक संस्थाओं को भी है।

तो आइये! नूतन और पुरातन के संयोग से एक नई दुनिया रचें, एक नया आकाश सृजित करें।



# रजत की चतुर्थ कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित सदस्य

## नए संरक्षक सदस्य

**श्री ध्रुव नारायन पुरोहित**, 7, लेडी देसिकाचारी रोड, मैलापुर, चेन्नई - 600004. मो: 9840017825

**श्री आर.के. झंवर**, टेबलेट्स इंडिया लिमिटेड, 77, मार्शल्स रोड, एग्मोर, चेन्नई - 600008. मो: 9841038000

## नए आजीवन सदस्य

**श्री जीतेन्द्र कुमार खेमका**, तिरूपति फोटो स्टूडियो, 33, मनगप्पन स्ट्रीट, चेन्नई - 600079. मो: 9381009247

**श्री एन अभिषेक डूंगरवाल चौधरी**, 301, एल ब्लॉक, तीसरा माला, के.एल.पी. अभिनंदन अपार्टमेंट्स, 301, स्ट्रेहन्स रोड, पट्टालम, चेन्नई - 600012. मो: 9791468468

**श्री करन जैन**, एम.एल. ऑटोमोबाइल्स, नया नं. 2 (पुराना नं.10), बैरमजंग बहादुर दूसरी लेन, जी.पी. रोड, चेन्नई - 600002. मो: 9962634904

**श्री संदीप मोदी**, 106, ब्रॉडवे, एच.डी.एफ.सी. बैंक के सामने, चेन्नई - 600108. मो: 9841063139

**श्री जे. संजय कुमार भंसाली,** 21/4, पुला एवेन्यू, शनॉय नगर, चेन्नई - 600030. मो: 9840044339

**श्री महेन्द्र टिकमानी**, 2बी, प्रथमेष, 5, लक्ष्मी स्ट्रीट, किलपॉक, चेन्नई - 600010. मो: 9841022582

**श्री एस. सौरभ बागमार,** 37/1ए, श्रीनिवासुलु स्ट्रीट, अयनावरम, चेन्नई - 600023. मो: 9840452824

# राजस्थान रत्न
# राजस्थान श्री
# अवार्ड 2023



राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा दो वर्ष में एक बार अधिकतम दो 'राजस्थान रत्न' एवं तीन 'राजस्थान श्री' अवार्ड तमिलनाडु एवं पुदुचेरी में प्रवासी राजस्थान के व्यक्तियों को प्रदान किये जाते हैं। वर्ष 2023 के 'राजस्थान रत्न' एवं 'राजस्थान श्री' अवार्ड के लिए नामांकन आमंत्रित हैं।

**'राजस्थान रत्न' अवार्ड के लिए योग्यताएँ :**

शिक्षा, चिकित्सा तथा सामाजिक कार्यों में 25 वर्ष या अधिक का योगदान।

**'राजस्थान श्री' अवार्ड के लिए योग्यताएँ :**

1. शिक्षा, चिकित्सा, साहित्य एवं सामाजिक कार्यों में 10 वर्ष या अधिक का योगदान।
2. व्यापार, कला, संस्कृति, विज्ञान एवं खेल के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए।

नामांकन-पत्र रजत कार्यालय से **5-12-2023** तक प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा दिए गए QR CODE को स्कैन कर डाउनलोड कर सकते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :**


**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**

128, एन.एस.सी. बोस रोड़, गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
साहुकारपेट, चेन्नई – 79. दूरभाष : 25360496, 25392438


**नामांकन प्रविष्टि की अंतिम तिथि : 15 दिसम्बर 2023**

| मोहनलाल बजाज | देवराज आच्छा | सुभाषचंद रांका | चंद्रप्रकाश मालपानी |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | महासचिव | चेयरमेन | समन्वयक |

# रजत राज्य परिषद् अधिवेशन

## 16 एवं 17 दिसम्बर 2023, येलगिरी, तमिलनाडु

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा राज्य परिषद् का अधिवेशन प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य तमिलनाडु एवं पुदुचेरी के सभी जिला मुख्यालयों तथा शहरों में राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की स्वतंत्र शाखाएँ स्थापित कर, उन्हें मुख्य संस्था से जोड़ना है। यह प्रयास करीब 18 वर्षों से किया जा रहा है ताकि तमिलनाडु के प्रवासियों का एक मजबूत संगठन हो।

इस अधिवेशन में कई सामायिक विषयों पर परिचर्चा होगी। राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु से संबद्ध संस्थाओं के विचार एवं राज्य परिषद् को समृद्ध, संबल व संगठित बनाने के विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।


इस अधिवेशन में भाग लेने के लिए अग्रिम पंजीकरण करना अनिवार्य है। आवास, यातायात, भोजन, कार्यक्रम व अन्य सभी व्यवस्थाएँ उपलब्ध रहेंगी।

**पंजीकरण शुल्क ₹2000 प्रति व्यक्ति तथा ₹3500 प्रति युगल रहेगा।**

16 दिसम्बर 2023 को ट्रेन द्वारा प्रस्थान होगा। होटल येलगिरी हिल्स में ठहरने की व्यवस्था है तथा सायंकाल में सांस्कृति कार्यक्रम रहेगा।

17 दिसम्बर 2023 को अधिवेशन होगा और रात्रि में ट्रेन से चेन्नई की वापसी होगी।

अधिक जानकारी के लिए **9120189191** अथवा रजत के कार्यालय में संपर्क करें।


RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU
RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU CHENNAI
Organises
FREE MEGA
MEDICAL
CAMP
DENTAL | EYE
& DIABETES
Screening
Date : 03-12-2023 Sunday | Time : 9.30 am to 1.30 pm
Venue: SHANTINATH BHAVAN
No.91, Dr. Ambedkar College Road, Pattalam, Chennai - 600 012.
Dental By doctors Team Of
Dr. K.S.NASSER, M.D.S. Ph.D.,
Eye Screening Team by
Bhagwan Mahaveer Eye Hospital
Royapuram, Chennai - 600 013.
Diabetes Team By
Suwadevi Jhumarmal Nahar Diabetes Centre
Kodambakkam, Chennai - 600 024.
Request Everyone to get Treatment and Benefit.
Contact:
Mohanlal Bajaj
President
Devraj Achha
General Secretary
Gouthamchand Daga
Treasurer
Sripal Kothari
Chairman- Health Committee
+91 86820 00000
Mangal Chand Tated
CO - Chairman - Health Committee
+91 98414 35214
Gyanchand Kothari
Co-ordinator
+91 99412 33999

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

की प्रस्तुति




## माँ की महत्ता पर आधारित 100 से अधिक कलाकारों द्वारा नृत्यों, कविताओं व भावप्रिय संवादों से सज्जित सांस्कृतिक संध्या

# रविवार, 3 दिसम्बर 2023

सायं 6.00 से 7.00 बजे - स्वल्पाहार
सायं 7.00 से 9.00 बजे - 'माँ' कार्यक्रम

चिन्मया हैरिटेज सेंटर, चेटपेट, चेन्नई-31.

## आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**मोहनलाल बजाज**
अध्यक्ष

**देवराज आच्छा**
महासचिव

**CA गौतमचंद डागा**
कोषाध्यक्ष

**राधेश्याम मूँधड़ा**
संयोजक

**गोविंद मूँदड़ा**
सह संयोजक

## PLATINUM DONOR

sharon PLY
CENTURY PLYBOARDS (INDIA) LIMITED

STOCKSTAR CONSULTANCY

## DIAMOND DONOR

SRI A.V.M.

SHREE DEEPCHAND (PAPPUSA) LUNIYA

Stockhifi.com Commohifi.com Tradehifi.in
STOCKHIFI ADVISORY SERVICES PRIVATE LIMITED

LEATHER CRAFTS (INDIA) PVT. LTD.

Mohan Mutha exports

NEW REAL APPAREL

refex INDUSTRIES

## GOLD DONOR

tatia
Tatia Chemical Corp.Pvt.Ltd.

Medisales
Medi Sales India Pvt. Ltd.

Maruthi Builders

Ellen's Clothing
Exporters of Readymade Garments

SUBHASH AUTO ENTERPRISES

J.G.GROUP SINCE 1909

WHITE FIRE The Name Of Diamond
White Fire Diamonds India Pvt Ltd.

OLYMPIA
Olympia Tech Park (Chennai) Private Ltd.

Milky Way Ice creams & Fast food

MUNDHRA EXIM PVT. LTD.
MUNDHRA AGRO FOODS LLP
MUNDHRA BULLION PVT. LTD.

Mahindra
M L AUTOMOBILES
Chennai • Kanchipuram • Vellore

Sohan Kanwar Mangilal Tater Charitable Trust

JAIN Jain Metal Group

SHRINITHI CAPITAL

MEGH GROUP

A WELL WISHER

## SILVER DONOR

AMIT TREXIM PRIVATE LIMITED

Brown tree your health food store

M/s. LAKHOTIA ENTERPRISE

Chai Walle

Madhukar Agencies
Car Parts & Accessories

R.K. Industries

PS, DVR, DH.
DEV GROUP OF JEWELLERY

kgi
KGI CLOTHING PVT. LTD.

Standard Pencils Pvt. Ltd.

SINGHVI GROUP
THE TAKSHILAH GLOBAL SCHOOL Ambur | Vellore
Champalal Jewellers Ambur | Vellore

VSBF
VIJAY SUBHAM BENEFIT FUND LTD.

JAINS
JAIN HOUSING & CONSTRUCTIONS LTD.

NARU PRINTERS CHENNAI

BOHRA
M. Rikhabchand Bohra Bankers & Financiers

B.C.S. Sarda Trust

meenakshi (india) limited

JAKMANS CLOTHING
Kalyan Singh Mehta Sunil Mehta

PRAKASHMAL MANISH MARDIA

CA Rajendra Kumar Jain P.

PULKIT TMT BARS
Everlasting Relationship

DALOORAM JAYANARAYAN

Kundan Lal Jethmal
Anand Kumar Chandak (Lathi Wala)
Raj & Raj Agency

P. D. MAHESHWARI
ORIENT ELECTRICALS & ENGINEERS (INDIA) PRIVATE LIMITED, CHENNAI

Sangeeta Trading Co

Laxmi Jewellery CHENNAI PVT. LTD.

ALUXIOR Happy Sleeping
Distributors : M/s CONCEPT

UNICAM SYSTEMS
Legitimate Security Guaranteed

JAGDISH PORWAL CHARITABLE TRUST PONDICHERRY

# एक बरस बीत गया..

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की वर्ष बीतने पर लिखी एक लोकप्रिय कविता खुद अटल जी की आवाज़ में सुनने के लिए वीडियो पर क्लिक करें..






दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

दक्षिण राजस्थानी पोस्ट के सभी पाठकों एवं राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के सदस्यों एवं रजत से संबद्धित सभी संस्थाओं के सदस्यों को नववर्ष 2024 की मंगल कामनाएँ।

नववर्ष देश-समाज में सुख-शांति, खुशहाली की वृद्धि करे, सभी नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे - यही कामना है।

**रमेश गुप्त नीरद**
संपादक

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन

# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर




## 9 नवम्बर 2023

**टोंडियारपेट** - 47 लोगों की आँखों की जाँच, 31 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 19 नवम्बर 2023

**धोबीपेट** - 53 लोगों की आँखों की जाँच, 39 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**पल्लावरम** - 153 लोगों की आँखों की जाँच, 40 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 22 नवम्बर 2023

**चेंगलपेट** - महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट के सहयोग से 75 लोगों की आँखों की जाँच, 52 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**24 नवम्बर 2023**

**वेलचेरी** - 81 लोगों की आँखों की जाँच, 49 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

---

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर




चेन्नई। जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी की इकाई कोडम्बाक्कम स्थित मधुमेह एवं अनुसंधान केन्द्र में 'नि:शुल्क चिकित्सा शिविर' का आयोजन 19 नवम्बर 2023 को किया गया। शिविर में मधुमेह, बी.पी., ऑर्थो, बीएमडी, आँख, दंत चिकित्सा और बीएमडी के लिए परामर्श सहित कुल 102 मरीज लाभांवित हुए। □



# श्री माहेश्वरी सभा का
# दिवाली स्नेह मिलन 'दीपोत्सव' संपन्न
## मेधावी छात्र-छात्रों का हुआ सम्मान




श्री माहेश्वरी सभा, चेन्नई के तत्वावधान में दिवाली स्नेह मिलन का आयोजन 19 नवंबर 2023 को डीजी वैष्णव कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ।

संस्था के सचिव श्री संजय मूँदड़ा ने समागत सभी का स्वागत किया। डॉ. अर्चना प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं। ज्ञातव्य हो कि प्रति वर्ष दिवाली स्नेह मिलन में फलोर ब्रदर्स चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाता है।

तमिलनाडु, पुदुचेरी एवं केरल से वर्ष 2022-23 के दसवीं, बारहवीं एवं स्नातक परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले माहेश्वरी समाज के कुल 22 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

फलोर ब्रदर्स चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी श्री कमल फलोर ने ट्रस्ट की ओर से श्री माहेश्वरी सभा को दस लाख रुपये देने की घोषणा की। इससे यह इंडोमेंट 11 लाख से बढ़कर 21 लाख हो जाएगा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात् दिवाली स्नेह मिलन सानंद संपन्न हुआ। □

## विश्व मधुमेह दिवस पर

# नि:शुल्क मधुमेह जाँच शिविर संपन्न



चेन्नई। श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी की ईकाई कोडमबाक्कम स्थित सुवादेवी झुमरमल नाहर मधुमेह व डायलिसिस केंद्र द्वारा निःशुल्क मधुमेह जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 9 नवम्बर 2023 को आर.के.एम. सारदा विद्यालय गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल, टी. नगर में शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया।

डॉ. श्वेता, आहार विशेषज्ञ श्री कृष्णमूर्ति ने शिक्षकों और छात्रों को मधुमेह के बारे में बहुमूल्य चिकित्सा आहार और जीवनशैली संबंधी सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गीता ने की। □



# तेरापंथ जैन विद्यालय, साहुकारपेट में
# छात्रों द्वारा दिवाली मेला संपन्न




चेन्नई। साहुकारपेट स्थित तेरापंथ जैन विद्यालय के प्रांगण में 9 नवम्बर 2023 को विद्यालय के छात्रों द्वारा लगाया गया दिवाली मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस मेले में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उत्तर व दक्षिण भारत के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें लगाई गईं। बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेक प्रकार के खेलों के स्टॉल भी लगाए गए।

इसी श्रृंखला में इंट्रेक्ट क्लब द्वारा दीए, ग्रीटिंग कार्ड, सेल्फी कार्नर व हस्तकला द्वारा बनाई चीजों की दुकानें भी रखी गईं। सभी ने मेले का भरपूर लुत्फ उठाया।

विद्यालय के पदाधिकारीगण सहित विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती एम. शशिकला भी मौजूद रहीं। ☐

# मदुरै तेरापंथ महिला मंडल द्वारा
# दीपावली स्नेह मिलन संपन्न




मदुरै। स्थानीय तेरापंथ भवन में, तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बहनों से सवाल किया गया - कैसे युवतियाँ कर सकती हैं मंडल को और सशक्त?? बहुत सारे अच्छे-अच्छे सुझाव मिले, जिसमें एक सुझाव था - हर किसी में कोई-न-कोई खूबी होती है, उसे नोट करें और मंडल में सबको सिखाने की कोशिश करेंगे। हर कोई इसमें अपना योगदान और जुड़ाव बनाए रखें तो जरूर एक अच्छा परिणाम आएगा।

कार्यक्रम को और भी रोमांचक बनाने के लिए गेम्स, टंग ट्विस्टर, पहेलियाँ, अंताक्षरी आदि रखे गए।

कार्यक्रम का कुशल संचालन अध्यक्ष श्रीमती लता कोठारी एवं मंत्री श्रीमती सुनीता कोठारी ने किया। काफी अच्छी संख्या में बहनें उपस्थित थीं और आपस में एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ प्रेषित की। □

# आदिनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा 550 विकलांगों को सहायता सामग्री वितरित



चूलै स्थित आदिनाथ जैन सेवा केन्द्र में 550 विकलांग जरूरतमंदों को सहायता सामग्री वितरित की गई। इस केन्द्र में विकलांगों के लिए नूतन तकनीकी द्वारा कृत्रिम पैर बनाए जाते हैं। वजन में बिल्कुल हल्के और बाजार में जिनका शुल्क एक लाख रुपये है, जरूरतमंदों को नि:शुल्क वितरित किए जाते हैं। साथ ही अन्य लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से ट्राइ-साइकिल, व्हील चेयर, कैलिपर, चश्मे, श्रवण सहायक यंत्र, फुट स्टिक, ब्लाइंड किट, पोलियो शूज आदि कई उपकरण हर महीने प्रदान किए जाते हैं। आदिनाथ जैन ट्रस्ट पिछले 45 वर्षों से नि:स्वार्थ भाव से इस तरह के कार्य करता आ रहा है। सोलह तरह के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। □



# मदुरै तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'आत्मशक्ति' पर कार्यशाला संपन्न







मदुरै। स्थानीय तेरापंथ भवन में तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में The Power of Self Power (आत्मशक्ति) कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की मुख्य प्रवक्ता श्रीमती बबीता लोढा ने बताया कि अपनी आत्मा में अनंत शक्ति है। अगर उसे पहचान लेंगे तो जीवन में आगे बढ़ पाएँगे। आध्यात्मिकता की सहायता से मनुष्य अपनी आत्मशक्ति को मजबूत बना सकता है।

अपनी आत्मशक्ति कैसे बढ़ाई जाए, कहानी व अनेक उदाहरणों के माध्यम से बहुत ही सुंदर तरीके से समझाया। सब को एक हफ्ते के लिए ध्यान, मौन, स्वाध्याय और प्राणायाम करने का संकल्प कराया गया।

अध्यक्ष श्रीमती लता कोठारी ने सभी का स्वागत किया और फेस योगा के बारे में बताया। □

# ‘पावर ऑफ रीडिंग’ पर कार्यशाला संपन्न



शिवकाशी। तेरापंथ महिला मंडल द्वारा The Power of Reading कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्ष श्रीमती रानी बरडिया ने बहुत ही सुंदर तरीके से आत्मशक्ति को जागृत करने की प्रेरणा दी, सकारात्मक विचार रखें और सबसे महत्वपूर्ण बात यह बताई कि - खुद पर भरोसा रखें। कार्यशाला में कई बहनों ने अपने विचार व्यक्त किए। □

---

# नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर




कांचीपुरम तालुका राजस्थानी एसोसिएशन ने 20 नवम्बर 2023 को एक नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जिसमें 85 लोगों के नेत्रों की जाँच कर, 10 लोगों के नेत्रों की शल्य चिकित्सा कराई गई तथा 54 लोगों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए। □




## पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ

# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**देवराज आच्छा**
महामंत्री - रजत
94442 65162